हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 5 जुलाई 2026

06 आजीविका, संरक्षण व सतत विकास का प्रेरक...



09 15 जून तक नहीं चुकाया ऋण 1004 किसान बने ...





**बांदरी में 26.5 करोड़ लागत से सांदीपनि विद्यालय के प्रथम फेज का लोकार्पण**

# सांदीपनि विद्यालय नए भारत की पाठशाला, यहां पढ़ रहे विद्यार्थी विकसित भारत का निर्माण करेंगे : पूर्व गृहमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बांदरी में 38.5 करोड़ की लागत से निर्मित हो रहे सांदीपनि विद्यालय के 26.5 करोड़ की लागत से निर्मित फर्स्ट फेज के कार्य में निर्मित भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत 6 करोड़ की लागत से निर्मित हो रहे उपयोगिता एवं प्रबंधन कार्य (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) का भूमिपूजन भी किया। सांदीपनि विद्यालय भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री ने कहा कि सांदीपनि विद्यालय भवन महज ईंट पत्थर कांक्रीट से बना भवन नहीं है, यह बच्चों के भविष्य निर्माण का केंद्र है, इसकी आत्मा शिक्षा और संस्कार है। यह नये भारत की पाठशाला है जहां पढ़ने वाले विद्यार्थी विकसित भारत का निर्माण करेंगे।

पूर्व गृहमंत्री सिंह ने सांदीपनि विद्यालय के भवन के लोकार्पण समारोह में उपस्थित हजारों स्कूली बच्चों और उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने इस भवन का लोकार्पण करने के पहले इसका निरीक्षण किया है। आप सभी को भी इसका निरीक्षण करना चाहिए। यहां वर्ल्ड क्लास सुविधाएं हैं। 5 स्टार होटल की तरह यह भवन बना है। यहां जो फर्नीचर आया है उसकी गुणवत्ता का फर्नीचर महानगरों के प्राइवेट स्कूलों में भी नहीं होगी। स्मार्ट क्लासेस, डिजीटल लैब, लाइब्रेरी, आधुनिक किचिन और मैस, तीन प्ले ग्राउंड, सभी खेलों के उपकरण यहां हैं। यहां शिक्षा के साथ संस्कार भी मिलेंगे। यह आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय संस्कारों का संगम होगा। उन्होंने कहा कि अभी गांव गांव में स्कूलें हैं पर हम सभी वहां अच्छी शिक्षा की कमी महसूस करते रहे हैं। अब सांदीपनि स्कूल आरंभ कर सरकार ने तय कर दिया है कि 15-20 गांवों के बीच एक बड़ी अत्याधुनिक सांदीपनि स्कूल होगी जहां के शिक्षक भी विशेष परीक्षा के माध्यम से चयनित किए जाएंगे ताकि ऊंचे मानदंडों की शिक्षा ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी मिल सके।

पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डा मोहन यादव का मैं आभार मानता हूं कि उन्होंने इन स्कूलों को सांदीपनि स्कूल नाम दिया है। भगवान श्री कृष्ण जी भी उज्जैन के महर्षि सांदीपनि के आश्रम में रह कर पढ़े थे। सांदीपनि विद्यालय में सर्वांगीण विकास होगा। यहां सभी विषयों के साथ खेल, कलां, संगीत,योग, पर्सनालिटी डेवलपमेंट की भी शिक्षा मिलेगी। यहां सारे सब्जेक्ट होंगे। एआई और आधुनिक तकनीक का ज्ञान प्राप्त करते हुए यहां के बच्चे भविष्य की चुनौतियां से निपटना सीखेंगे। उन्होंने बताया कि यहां ऐसी कंप्यूटर लैब है। कक्षावार तीन विंग हैं जहां एक प्रिंसिपल व दो हेडमास्टर हैं। फायर सेफ्टी, इमरजेंसी गेट आदि मानक सेफ्टी फीचर्स यहां हैं। इसके सेकंड फेज में 13 करोड़ की लागत से छात्रावास , स्टेडियम और खेल सुविधाओं के काम होंगे। यहां प्रारंभ में 2000 विद्यार्थी पढ़ सकेंगे जिनमें से 500 एडमीशन और यहां होना है।

पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि आगामी 15 जुलाई को खुरई ब्लाक के गढ़ौला जागीर में बने सांदीपनि विद्यालय भवन का लोकार्पण होगा। इस वर्ष बरोदिया कलां में सांदीपनि विद्यालय बनेगा। उन्होंने कहा कि बांदरी जैसे क्षेत्र में जहां शासकीय भूमि थी ही नहीं वहां वनविभाग और गृहविभाग से भूमि आवंटित कराते हुए कालेज, बस स्टैंड, आडिटोरियम और अब सांदीपनि विद्यालय भवन बनवाना चुनौतीपूर्ण कार्य था। यहां के कालेज में भी निरंतर अच्छे पाठ्यक्रम आते जाएंगे और इस क्षेत्र के बच्चों को पूरी शिक्षा स्थानीय स्तर पर मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में सांदीपनि स्कूलों में यहां फ्री बस चलेंगी जो ग्रामीण छात्र छात्राओं को घरों तक लाने छोड़ने का काम निशुल्क करेंगी।

## खबर संक्षेप



### आचार्य दयाराम पटेल सेवानिवृत्त, दी विदाई

**गढ़ाकोटा** । सागर जिले के गढाकोटा के सरस्वती शिशु मंदिर से आचार्य दयाराम पटेल के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह आयोजित हुआ। जिसमे शाला व्यवस्थापक मनोज तिवारी ने आचार्य दयाराम को तिवारी शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विवेकानंद शिक्षा समिति अध्यक्ष रवीन्द्र जैन,शमिक कुमार शर्मा, प्राचार्य,प्रधानाचार्य एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

### प्रतियोगिता में 34 रसोइयों ने पौष्टिक व्यंजन बनाए

**खुरई** । जनपद पंचायत एवं जनपद शिक्षा केन्द्र खुरई द्वारा पीएम पोषण शक्ति निर्माण के तहत फुड कम हेल्पर प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें ब्लॉक के 34 रसोइयों ने एवं स्व सहायता समूहों ने विभिन्न पौष्टिक व्यंजन तैयार कर अपनी पाक कला का प्रदर्शन किया। सीईओ मीना कश्यप, बीआरसी राजेन्द्र सिंह सेंगर, सभी बीएसी, सीएसी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्द्धन किया। उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए।

### जिले में अब तक 161.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सागर**। सागर जिले में इस वर्ष वर्षा सीजन में अभी तक 161.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के अभिलेखों के अनुसार एक जून से 04 जुलाई तक गढ़ाकोटा केन्द्र पर सर्वाधिक 292.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से 04 जुलाई 2026 तक सागर में 160.6 मि.मी., जैसीनगर में 231.7 मि.मी., राहत गढ़ में 150.9 मि.मी., बीना में 129.0 मि.मी., खुरई में 104.0 मि.मी., मालथौन में 68.0 मि.मी., बण्डा में 166.0 मि.मी., शाहगढ़ में 43.2 मि.मी., गढ़ाकोटा में 292.9 मि.मी., रहली में 187.8 मि.मी., देवरी में 242.6 मि.मी. तथा केसली में 163.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

### खुरई में भूसे के गोदाम में लगी आग

**खुरई**। खिमलासा रोड स्थित तलापार तिराहा के पास गुरुवार दोपहर एक भूसे के गोदाम में आग लग गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और लगभग 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। यह एक महीने के भीतर इसी गोदाम में आग लगने की दूसरी घटना है।



## गढ़ाकोटा में फायरिंग, लाठी-डंडों से घर में घुसकर हमला, वृद्ध गंभीर

**गढाकोटा**। सागर जिले के गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र से सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक गांव में फायरिंग और मारपीट की घटना ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। ग्राम गुंजौरा के पतरुआ टोला में कथित विवाद के बाद एक दर्जन से अधिक लोगों द्वारा हमला किए जाने का आरोप लगाया गया है। घटना में एक वृद्ध सहित कई लोग घायल हुए हैं, जबकि गंभीर हालत में घायल वृद्ध को सागर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम ग्राम गुंजौरा के पतरुआ टोला में अचानक हड़कंप मच गया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि सफेद रंग की स्कॉर्पियो, बोलेरो और अन्य चार पहिया वाहनों में सवार होकर करीब एक दर्जन लोग उनके घर पहुंचे। आरोप है कि आते ही गाली-गलौज शुरू हुई और विरोध करने पर मामला हिंसक हो गया। पीड़ित परिवार का कहना है कि आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला किया और इलाके में दहशत फैलाने के लिए कथित तौर पर हवाई फायरिंग भी की। फायरिंग और मारपीट की आवाज सुनते ही आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीण मौके पर जुटने लगे। घटना में रक्तू अहिरवार और उनके भाई परसोत्तम अहिरवार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को तुरंत गढ़ाकोटा सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने वृद्ध की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल सागर रेफर कर दिया। इस बीच घटना से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिनमें हंगामा और मारपीट जैसे दृश्य दिखाई दे रहे हैं। हालांकि पुलिस ने कहा है कि वायरल वीडियो की सत्यता और घटना से संबंध की जांच की जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।



## कल्पवृक्ष को बचाने की कवायद हुई शुरू, सीमेंट कांक्रीट से सपोर्ट के लिए बनाया जाएगा घेरा

**सागर**। हिन्दू संगठनों के द्वारा लगातार उठाई गई मांग के बाद जिला प्रशासन हरकत में आया और नगर निगम, बनविभाग, उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों और हिंदूसंगठनो के पदाधिकारियों की मौजूदगी में कलेक्ट्रेड स्थित कल्पवृक्ष के पेड़ की छटाई की गई। जिले के अपर कलेक्टर अविनाश रावत ने बताया कि कल्पवृक्ष के धार्मिक महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखकर जो भी संभव हो सकता है वो किया जायेगा और महत्वपूर्ण पेड़ को बचाया जायेगा। विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष अजय दुबे ने कहा कि चार दिन पहले हमने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया था आज कवायद शुरू हुई ये अच्छी बात है पेड़ 700 वर्ष पुराना है इसका संरक्षण जरूरी है। एसवीएन विवि के कुलपति डॉ अनिल तिवारी ने कहा कि कल्पवृक्ष जैसे धार्मिक महत्व के पेड़ लगाए भी जाने चाहिए. इसकी पहला होनी चाहिए क्योंकि कल्पवृक्ष दुर्लभ पेड़ो की श्रेणी में आता है। शिवसेना के उपराज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने बताया कि मैं कल ही पेड़ बचाने के लिए शनिवार से आमरण अनशन का ऐलान कर चुका था पर प्रशासन ने उसके पहले ही पहल कर दी इसके लिए जिला प्रशासन धन्यवाद का पात्र है। पुरोहित पुजारी विद्वत संघ के अध्यक्ष पं.शिवप्रसाद तिवारी ने कल्पवृक्ष का धार्मिक महत्व बताते हुए कहा कि समुद्र मंथन में जो चौदह रत्न प्राप्त हुए थे उनमें एक कल्पवृक्ष भी था जो देवराज इंद्र को दिया गया था फिर भगवान कृष्ण इसको पृथ्वी पर लेकर आए थे कल्पवृक्ष को मनोकामना पूर्ति करने वाला माना जाता है इसका धर्मग्रंथों में विशेष महत्व बताया गया था। सेंट्रल यूनिवर्सिटी वनस्पति विभाग के रिटायर प्रोफेसर अजयशंकर मिश्रा ने बताया कि पेड़ की डाल छट जाने से के द्वारा विकसित हो जायेगा और जो झुकाव ले गया वो भी सीधा हो जायेगा। पेड़ छटाई के अवसर पर नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री, उपयुक्त एस एस बघेल, हिंदू धर्मजागरण से उमेश सराफ, पुरोहित पुजारी विद्वत संघ के रामचरण शास्त्री, शिवनारायण शास्त्री, अमित कटारे, हिंदूवादी कपिल स्वामी, समर्थ दीक्षित, सचिन जैन, विकास यादव, बबलू चौरसिया सहित विभिन्न हिन्दू संगठनों के लोग उपस्थित रहे।

## खुरई में बेटे पर फर्जी-बंटवारे से जमीन अपने नाम कराने का आरोप

### पिता ने बिना सहमति नामांतरण पर रोक लगाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई



खुरई के ग्राम कुमरोल के 62 वर्षीय किसान उमराव कुशवाहा ने अपने बेटे पर अधिकारियों से मिलकर फर्जी तरीके से कृषि भूमि अपने नाम कराने का आरोप लगाया है। किसान का कहना है कि उन्हें बिना किसी सूचना और सहमति के उनकी जमीन के बंटवारे का आदेश पारित कर दिया गया। उमराव के नाम गांव में करीब 1 एकड़ 70 डिसमिल कृषि भूमि दर्ज है। उनका आरोप है कि उनकी दूसरी पत्नी के बेटे धर्मेंद्र कुशवाहा ने फर्जी बंटवारा प्रकरण तैयार कराकर करीब एक एकड़ जमीन अपने नाम दर्ज करा ली। वहीं पहली पत्नी के बेटे कमल कुशवाहा के नाम करीब 51 डिसमिल और उनके अपने हिस्से में केवल 19 डिसमिल जमीन दर्ज कर दी गई।

### एक जुलाई को मिली आदेश की जानकारी

किसान का कहना है कि पूरा परिवार खेती पर निर्भर है और यही उनकी आजीविका का एकमात्र साधन है। उनके अनुसार, नायब तहसीलदार न्यायालय से 22 जून को बंटवारे का आदेश पारित किया गया, लेकिन इसकी जानकारी उन्हें 1 जुलाई को मिली। उन्हें इस संबंध में कोई नोटिस नहीं मिला और न ही सुनवाई के दौरान उनका पक्ष रखा गया।

### पटवारी से मिली नामांतरण की जानकारी

उमराव ने बताया कि पटवारी से उन्हें पता चला कि बंटवारे के आधार पर नामांतरण की प्रक्रिया भी पूरी कर दी गई है। इसके बाद उन्होंने पूरे मामले को फर्जी बताते हुए उच्च राजस्व अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि बंटवारा प्रकरण में उन्हें पक्षकार होने के बावजूद न तो सूचना दी गई और न ही उनकी मौजूदगी में सुनवाई हुई। उनका कहना है कि निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना आदेश पारित कर दिया गया।

### कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग

उमराव कुशवाहा ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को आवेदन देकर 22 जून 2026 के बंटवारा आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि उन्होंने अपनी जमीन किसी भी बेटे को देने की सहमति नहीं दी है और न ही वे बंटवारा कराना चाहते हैं। फिलहाल मामला राजस्व विभाग के संज्ञान में है। अधिकारियों का कहना है कि आवेदन की जांच के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा में दीक्षारंभ समारोह संपन्न




**गढ़ाकोटा**। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गढ़ाकोटा में स्नातक प्रथम वर्ष में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत एवं मार्गदर्शन हेतु तीन दिवसीय दीक्षारंभ समारोह का आयोजन 01 जुलाई से 03 जुलाई तक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, उपलब्ध सुविधाओं, छात्र हितैषी योजनाओं तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के विभिन्न प्रावधानों से परिचित कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. घनश्याम भारती की अध्यक्षता में हुआ। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का महाविद्यालय परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, ज्ञानार्जन, अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं जीवन कौशल के विकास का केंद्र है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, समय का सदुपयोग तथा महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता करने का आह्वान किया। कार्यक्रम प्रभारी सुश्री आकृति खरे ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय की स्थापना, विभिन्न संकायों एवं पाठ्यक्रमों, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट विषय चयन, परीक्षा प्रणाली, कैरियर मार्गदर्शन, इंटर्नशिप एवं रोजगारोन्मुखी अवसरों, एंटी-रैगिंग, महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, शिकायत निवारण तंत्र, आईटी सुविधाओं तथा महाविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न छात्र हितैषी योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। पुस्तकालयाध्यक्ष शिम्पी मौर्या ने विद्यार्थियों को पुस्त कालय की सेवाओं, ई-लाइब्रेरी एवं डिजिटल संसाधनों की जानकारी दी। छात्रवृत्ति प्रभारी श्री अभय यादव ने विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की। श्री दीपक वर्मन ने एनएसएस की गतिविधियों एवं उनके महत्व से विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए महाविद्यालय के नियमों को बताया।

## पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के लिए शुभचिंतकों का उमड़ा सैलाब, बोले जनता का प्यार ही मेरी ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा



पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव का जन्मदिन सिर्फ एक राजनीतिक आयोजन नहीं बल्कि जनसेवा, आस्था और सामाजिक सरोकारों का बड़ा उत्सव बन गया। हजारों की संख्या में पहुंचे समर्थकों, जनप्रतिनिधियों और श्रद्धालुओं ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान गोपाल भार्गव ने ऐसा संदेश दिया जिसने लोगों का दिल जीत लिया। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि का काम केवल सड़क, पुल और भवन बनवाना नहीं,बल्कि जनता के सुख-दुख में सहभागी बनना भी है।

गढ़ाकोटा के सिद्ध क्षेत्र पटेरिया स्थित जगन्नाथ स्वामी मंदिर परिसर में मणि द्वीप दिव्य लोक निर्माण के तहत चल रही कथा और धार्मिक अनुष्ठान का समापन भंडारा प्रसादी के साथ हुआ। इसी दौरान गोपाल भार्गव का जन्मदिन भी उत्साह और सादगी के साथ मनाया गया। सागर,बुंदेलखंड और प्रदेश के कई जिलों से बड़ी संख्या में लोग उनसे मिलने पहुंचे। दिनभर लोगों ने पुष्पगुच्छ और माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया। समर्थकों ने उनके लंबे राजनीतिक जीवन और क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों की सराहना की। अपने संबोधन में गोपाल भार्गव भावुक भी नजर आए। उन्होंने कहा कि जनता का प्रेम और विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने बताया कि एक ओर उनकी नातिन का दिल का ऑपरेशन हुआ है और पत्नी भी अस्वस्थ हैं,लेकिन जनता के स्नेह ने उन्हें नई ऊर्जा दी है।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी द्वारा भी उन्हें जन्मदिवस कि शुभकामनाएं दी तो वही कटनी में भी उनके जन्मदिवस को सेवा दिवस की तरह मनाया गया। निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया, मरीजों और जरूरत मंदों को फल वितरित किए गए और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। करीब 196 लोगों की आंखों की जांच कर उन्हें मुफ्त दवाइयां और चश्मे भी दिए गए। शाम को सुंदरकांड पाठ और भजन-कीर्तन के साथ धार्मिक माहौल भी देखने को मिला।

इस अवसर पर कटनी शहर के प्रथम महापौर विजेंद्र मिश्र राजा भैया ने पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भार्गव जनसेवा के प्रति समर्पित, सरल एवं संवेदनशील व्यक्तित्व के धनी हैं। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड की जनता उन्हें अपना मसीहामानती है। वर्षों के राजनीतिक अनुभव और विकासोन्मुखी सोच के बल पर उन्होंने क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनका सार्वजनिक जीवन सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना का प्रेरणास्त्रोत है।

**मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला शहर कांग्रेस ने निकाली साइकिल रैली**

## कांग्रेस ने मांगा राममंदिर में चंदा चोरी और जमीन हेराफेरी का हिसाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश कमेटी के आह्वान पर समस्त कांग्रेस जनों के साथ जिला शहर कांग्रेस कार्यालय से साइकिल रैली निकालकर तीन बत्ती स्थित हनुमान मंदिर पर पूजा -अर्चना कर जन जागरण अभियान चलाकर जनता के बीच साइकिल रैली निकालकर भाजपा से अयोध्या में भगवान राम के मंदिर में, एवं उज्जैन में जमीनों की खरीदारी का हिसाब मांगा रैली का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र राजे, हेमराज रजक, की अध्यक्षता में हुई । रैली की अगुवाई करते हुए जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि भाजपा पूर्ण रूप से भ्रष्टाचार में लिप्त है। प्रत्येक राज्य में किसी ना किसी रूप में जनता को ठग रही है। उज्जैन में सिंहस्थ की आहट के चलते ज़मीन खरीदी जा रही है। सरकार इसका जबाव देने से कतरा रही है महेश जाटव ने कहा कि उज्जैन में विकास प्रोजेक्ट उन क्षेत्रों में चल रहे हैं और मास्टर प्लान की रुपरेखा जो तैयार की जा रही है उसका सीधा फायदा सरकार को मिलेगा। पूर्व विधायक सुनील जैन ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम के चढ़ावे पर भाजपा की पहले से नजर रहीं हैं । इसलिए भाजपा ने पहले से ही अपने समर्थकों को बिठाकर रखा है। पहले यू पी में अपराध होते थे तो योगी का बुल्डोजर चलता था अब कहां है योगी क्यों ख़ामोश है । बाबू सिंह यादव ने कहा युपी सरकार भगवा चोला ओढ़कर जनता को ठग रही है ।

रामकुमार पचौरी ने कहा कि पूरे देश में खाद का संकट बनाकर किसानों के साथ छल किया। कृषि यंत्र महंगे हो गए, डीजल महंगा, बिजली नहीं मिल रही मनरेगा का इस साल लाभ नहीं दिया किसान से कहा गया है अब जी राम जी योजना के कागज बनवाओगे।

जितेंद्र रोहन ने कहा कि भारत में जब भाजपा आई है 85 बार पेपर लीक हुए हैं लगभग 17 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं जनता कर्ज लेकर बच्चों का भविष्य के सपने देख रही थी लेकिन भाजपा ने अंधकारमय कर दिया।

रैली का आभार आनंद हेला ने माना। साइकिल रैली में प्रमुख रूप से पुरषोत्तम मुन्ना चौबे, सागर साहू, नरेंद्र मिश्रा, सिंटू कटारे, शरद पुरोहित, रिषभ जैन, आनंद हैला, किरण लता सोनी, नीलेश अहिरवार, गीता कुशवाहा, रेखा सोनी, दीनदयाल तिवारी, समीर खान, नौशाद अब्बासी, मयंक ठक्कर,असमत खान विनीत जैन ताले वाले, साजिद राइन, रोहित मांडले, चमन अंसारी, डालचंद प्रजापति, अरविंद पंथी, महेश अहिरवार, कल्लू पटेल, तज्जु भाईजान, सुनील पाहवा, अनिल दक्ष, कुंजीलाल लड़ियां, तरुण कोरी, फिरदौस कुरैशी, अकील सिद्दीकी, जाहिद ठेकेदार, संजय रैकवार, भैयन पटैल, अजय लारिया, दीपक कुर्मी, सुरेश पंजवानी मानसींग चौधरी सुनील ठाकुर, निखिल जैन, अजय राजपूत, अरविंद मछंदर, गोपाल प्रजापति, देशराज यादव, सोहेब कुरैशी सहित अनेक कांग्रेसजन साइकिल पर सवार होकर नारेबाजी करते हुए चल रहे थे ।

## 100 एकड़ में विकसित होगा समेकित एग्रो टूरिज्म प्रोजेक्ट

# आजीविका, संरक्षण व सतत विकास का प्रेरक मॉडल बनेगा धजरई: कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले की ग्राम पंचायत धजरई में लगभग 100 एकड़ शासकीय भूमि पर बहुउद्देशीय समेकित एग्रो टूरिज्म प्रोजेक्ट विकसित किया जाएगा। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। यह परियोजना गौसेवा, प्राकृतिक खेती, कृषि वानिकी, जल संरक्षण और ग्रामीण पर्यटन को एकीकृत करते हुए रोजगार एवं आजीविका के नए अवसर सृजित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराई गई लगभग 100 एकड़ शासकीय भूमि पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों के समन्वय से यह महत्वाकांक्षी परियोजना विकसित की जाएगी। परियोजना के अंतर्गत पशुपालन विभाग द्वारा गौशाला का संचालन किया जाएगा, जबकि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग हरे चारे एवं नेपियर घास के उत्पादन के लिए चारा विकास प्लांट स्थापित करेगा। इसके साथ ही गोबर गैस संयंत्र लगाकर जैविक संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। कृषि विभाग द्वारा मौसमी फसलों के साथ कृषि वानिकी आधारित हरित क्षेत्र विकसित किया जाएगा तथा कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन के लिए कृषि प्रोसेसिंग हब स्थापित करने की भी योजना है। जल संरक्षण एवं सिंचाई व्यवस्था को मजबूत बनाने का दायित्व वाटरशेड विभाग को सौंपा गया है, जबकि मत्स्य विभाग अपने तालाबों के विकास एवं विभागीय योजनाओं के माध्यम से परियोजना को सहयोग देगा। उक्त निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवीत कुमार धुर्वे, जनपद पंचायत सीईओ मनीष शेंडे, उपसंचालक पशुपालन डॉ. आर.के. जैन, सहायक संचालक मत्स्य विभाग मेघा गुप्ता, समाजसेवी मुन्नीलाल यादव, ग्राम पंचायत धजरई के सरपंच, पंचायत सचिव एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### फेंसिंग कर हरे चारे का उत्पादन किया जाएगा

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बताया कि कुछ माह पूर्व धजरई गौशाला के उद्घाटन के दौरान आसपास के प्राकृतिक क्षेत्र को देखकर इस परियोजना का विचार उनके मन में आया था। उन्होंने कहा कि यदि विभिन्न विभागों की योजनाओं को एक मंच पर लाया जाए तो यह क्षेत्र कृषि, पशुपालन और प्राकृतिक संसाधन संरक्षण का उत्कृष्ट मॉडल बन सकता है। योजना के तहत 2.5 एकड़ क्षेत्र में गौशाला के लिए फेंसिंग कर हरे चारे का उत्पादन किया जाएगा। गौशाला से प्राप्त गोबर से बायोगैस संयंत्र स्थापित कर आसपास की बस्ती को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने की योजना है। इसी माह जनसहयोग से स्थानीय प्रजातियों के वृक्षों का व्यापक पौधरोपण किया जाएगा। प्राकृतिक नाले में छोटे चेकडैम और गैबियन संरचनाएं बनाकर वर्षाजल का संरक्षण किया जाएगा, जिससे गौशाला एवं आसपास के क्षेत्र को वर्षभर जल उपलब्ध हो सके। भविष्य में यहां एग्रो-टूरिज्म कॉटेज, नेचर ट्रेल, इंटरप्रिटेशन सेंटर, कैफे तथा कृषि एवं पशु उत्पादों के प्रसंस्करण, भंडारण और पैकेजिंग जैसी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। कलेक्टर श्रोत्रिय ने कहा कि जब पशुपालन, चारा उत्पादन, जल संरक्षण और स्थानीय वन एक-दूसरे के पूरक बनेंगे, तब धजरई केवल एक गौशाला तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह ग्रामीण आजीविका, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास का प्रेरणादायी मॉडल बनकर उभरेगा।

## नपा ने किया 34 लाख की परियोजना का शुभारंभ

# शहर के व्यस्त इलाकों में बनेंगे हाईटेक सार्वजनिक शौचालय





हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहरवासियों द्वारा विगत कई महीनों से की जा रही मांग को देखते हुये शहर में सार्वजनिक सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में नगर पालिका की प्रभारी अध्यक्ष व डिप्टी कलेक्टर अंजली शर्मा ने पार्षदों के साथ मिलकर एक और कदम बढ़ाया है। नजाई मंडी स्थित स्टेट बैंक के पास, महिला पार्क एवं पुरानी तहसील परिसर के समीप लगभग 34 लाख रुपये की लागत से आधुनिक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। इस बहुप्रतीक्षित परियोजना का शुभारंभ शनिवार को भूमि पूजन के साथ किया गया।

कार्यक्रम में नगर पालिका प्रभारी अध्यक्ष अंजली शर्मा ने पार्षदो के साथ मिलकर निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान नगर पालिका के इंजीनियर दीपक मिश्रा, पार्षद अभिषेक रानू खरे, राजीव वर्धमान, पार्षद प्रतिनिधि जाहिद खान, पार्षद मुन्ना साहू, ठेकेदार हर्ष प्रजापति सहित अन्य जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। नगर पालिका प्रभारी अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि शहर की बढ़ती आबादी और व्यस्त बाजार क्षेत्रों को देखते हुए सार्वजनिक सुविधाओं का विस्तार समय की प्रमुख मांग और आवश्यकता है। प्रस्तावित शौचालय बनने से बाजार आने वाले लोगों, व्यापारियों, महिला पार्क में आने वाले नागरिकों तथा बाहर से आने वाले यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। विशेष रूप से महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह व्यवस्था अधिक उपयोगी साबित होगी। नगर पालिका के अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित शौचालय का निर्माण आधुनिक डिजाइन और स्वच्छता मानकों के अनुरूप किया जाएगा। इसमें साफ-सफाई, जलापूर्ति और अन्य आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि लोगों को बेहतर और सुविधाजनक वातावरण मिल सके। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता से कोई समझौता न करने और निर्धारित समय में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने विश्वास जताया कि परियोजना पूरी होने के बाद शहर के इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में लंबे समय से महसूस की जा रही आवश्यकता पूरी होगी।

## जेई के मौके पर नहीं पहुंचने से आक्रोश

# करंट से भैंस की मौत: भड़के ग्रामीण मृत भैंस लेकर पहुंचे कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले के लिधोरा तहसील अंतर्गत ग्राम सतगुवां में शनिवार तड़के बिजली करंट की चपेट में आने से किसान हरिराम यादव की भैंस की मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने तत्काल बिजली विभाग को सूचना देकर अधिकारियों से मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाने की मांग की, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि कई घंटे बीत जाने के बावजूद विभाग का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। इससे नाराज ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और वे मरी हुई भैंस को ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में रखकर बिजली कार्यालय लिधौरा पहुंच गए, जहां जमकर नारेबाजी और हंगामा किया गया।

ग्रामीणों के अनुसार घटना की सूचना सुबह करीब 6 बजे दे दी गई थी। मौके पर केवल सतगुवां में पदस्थ लाइनमैन अशोक बुंदेला पहुंचे, जबकि कनिष्ठ अभियंता (जेई) राजेश कुमार रावत और अन्य अधिकारी दोपहर तक नहीं आए। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार फोन करने के बावजूद न तो जेई मौके पर पहुंचे और न ही किसी अन्य कर्मचारी को पंचनामा बनाने के लिए भेजा गया। बिजली विभाग अधिकारियों की कथित उदासीनता से नाराज ग्रामीण करीब छह ट्रैक्टरों के साथ मरी हुई भैंस लेकर बिजली कार्यालय लिधौरा पहुंच गए। जिसके बाद कार्यालय के बाहर प्रदर्शन एवं नारेबाजी शुरू होते ही वहां मौजूद कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई और कई कर्मचारी कार्यालय छोड़कर बाहर निकल गए। स्थिति बिगड़ते देख लिधोरा थाना प्रभारी मनोज दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को शांत कराया और कई बार फोन कर जेई राजेश कुमार रावत को मौके पर बुलवाया गया। इसके बाद दोनों पक्षों को थाने लाया गया, जहां कार्रवाई प्रारंभ की गई। ग्रामीणों ने जेई राजेश कुमार रावत पर मुख्यालय पर नियमित रूप से अनुपस्थित रहने का भी आरोप लगाया। उनका कहना है कि जेई रावत अधिकांश समय छतरपुर में रहते हैं और विभागीय कार्य लिधोरा में पदस्थ बाबू के भरोसे संचालित होते हैं।

# मोहनगढ़ में हुए हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार

**एसपी के निर्देश पर गठित विशेष टीम की ताबड़तोड़ दबिश, गंभीर धाराओं के तहत दर्ज है मामला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




जिले के मोहनगढ़ थाना क्षेत्र में हुए हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस का कहना है कि गंभीर अपराधों में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी भी आरोपी को कानून से बचने नहीं दिया जाएगा।

मोहनगढ़ थाना पुलिस के अनुसार 2 जुलाई को थाना मोहनगढ़ में हत्या की शिकायत प्राप्त होने पर भारतीय न्याय संहिता बीएनएस तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए। इसके बाद एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी उप निरीक्षक अंकित दुबे के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी। प्रभावी रणनीति और लगातार की गई कार्रवाई के चलते मामले में शामिल पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों में प्रकाश कुशवाहा एवं चन्द्रभान कुशवाहा निवासी ग्राम ककरेला, थाना बार, जिला ललितपुर उत्तर प्रदेश, खुशीराम यादव निवासी पटनापुर, रामराजा यादव निवासी पटनापुर तथा विद्याधर यादव निवासी कुंवरपुरा शामिल हैं। सभी आरोपियों को वैधानिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में मोहनगढ़ थाना प्रभारी अंकित दुबे, उप निरीक्षक चतुर सिंह, सहायक उप निरीक्षक संतोष कुमार पाण्डेय सहित थाना मोहनगढ़ के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और गंभीर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# व्हाट्सएप हैकिंग से बचें साइबर ठगों से रहें सतर्क: एसपी मंडलोई

**सेफ क्लिक अभियान 2.0 के तहत एसपी ने की एडवाइजरी जारी, सावधान रहने की अपील**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




जिले में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार संचालित सेफ क्लिक अभियान 2.0 के तहत पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने जिलेवासियों के लिए व्हाट्सएप सुरक्षा संबंधी एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी लगातार नए-नए तरीके अपनाकर लोगों के व्हाट्सएप अकाउंट हैक कर रहे हैं और उनके परिचितों से रुपये मांगने, निजी जानकारी चुराने तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक नागरिक को डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते समय अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

एसपी मंडलोई ने बताया कि साइबर ठग ओटीपी या छह अंकों का वेरिफिकेशन कोड प्राप्त कर, फर्जी लिंक भेजकर, नकली एप्लीकेशन डाउनलोड करवाकर, स्क्रीन शेयरिंग या रिमोट एक्सेस ऐप इंस्टॉल कराकर, व्हाट्सएप वेब को अनधिकृत डिवाइस से लिंक करके तथा स्वयं को बैंक, पुलिस या किसी परिचित के रूप में प्रस्तुत कर लोगों को ठगी का शिकार बनाते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी स्थिति में अपना ओटीपी, वेरिफिकेशन कोड या पिन किसी के साथ साझा न करें। व्हाट्सएप और मोबाइल को हमेशा अपडेट रखें, केवल अधिकृत ऐप स्टोर से ही एप्लीकेशन डाउनलोड करें, टू-स्टेप वेरिफिकेशन चालू रखें तथा समय-समय पर लिंक्ड डिवाइस की जांच करते रहें। किसी भी संदिग्ध लिंक, अज्ञात अटैचमेंट या एपीके फाइल पर क्लिक करने से बचें।

पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने कहा कि यदि किसी का व्हाट्सएप अकाउंट हैक हो जाए तो वह तुरंत अपने नंबर से दोबारा लॉग-इन करने का प्रयास करे, टू-स्टेप वेरिफिकेशन सक्रिय करे और अपने परिचितों को सूचित करे कि उसके नंबर से आने वाले रुपये मांगने वाले संदेशों पर विश्वास न करें। यदि बैंकिंग या अन्य संवेदनशील जानकारी साझा हो गई हो तो संबंधित बैंक को तत्काल सूचना दें और राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 अथवा एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। आवश्यकता पड़ने पर निकटतम पुलिस थाने या साइबर हेल्प डेस्क से भी संपर्क किया जा सकता है। एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि थोड़ी-सी सतर्कता साइबर ठगी से बचा सकती है। उन्होंने नागरिकों से अनजान कॉल, लिंक और संदेशों पर बिना पुष्टि के भरोसा न करने तथा किसी भी साइबर अपराध की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

# नशे के नेटवर्क पर पुलिस की चौतरफा अटैक की रणनीति

**एसपी मंडलोई ने दिया एक्शन प्लान, ओरछा में हुई अंतर्राज्यीय बॉर्डर समन्वय बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




भारत सरकार एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर संचालित ड्रग फ्री इंडिया अभियान-2026 के तहत मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने और सीमावर्ती राज्यों के बीच पुलिस समन्वय को मजबूत बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला निवाड़ी के ओरछा में अंतर्राज्यीय बॉर्डर समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के सीमावर्ती जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में टीकमगढ़ पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए तैयार की गई रणनीतिक कार्ययोजना का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रस्तावित एक्शन प्लान, बॉर्डर प्लान तथा तस्करी रोकने की रणनीति को विस्तार से साझा किया। उक्त प्रस्तुतीकरण में सीमावर्ती क्षेत्रों की संवेदनशीलता, संभावित तस्करी मार्गों की पहचान, संयुक्त पुलिस अभियान, राज्यों के बीच त्वरित सूचना आदान-प्रदान, खुफिया तंत्र को मजबूत बनाने तथा तकनीक आधारित निगरानी व्यवस्था को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों ने टीकमगढ़ पुलिस द्वारा तैयार की गई रणनीति को व्यवहारिक एवं प्रभावी बताते हुए इसकी सराहना की। साथ ही प्रस्तावित एक्शन प्लान के अनुरूप संयुक्त कार्रवाई, नियमित समन्वय और साझा अभियान चलाने पर सहमति व्यक्त की गई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सीमावर्ती जिलों के बीच संदिग्ध गतिविधियों की लगातार निगरानी, संयुक्त दबिश, त्वरित सूचना साझा करने की व्यवस्था और मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध समन्वित कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।

बैठक में पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन मिथिलेश शुक्ला, पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र आकाश कुलहरी, पुलिस उपमहानिरीक्षक छतरपुर रेंज विजय कुमार खत्री, पुलिस अधीक्षक निवाड़ी डॉ. राय सिंह नरवरिया, पुलिस अधीक्षक सागर अनुराग सुजानिया, पुलिस अधीक्षक छतरपुर रजत सकलेचा, पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई, पुलिस अधीक्षक पन्ना निवेदिता नायडू, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी बी.बी.जी.टी.एस. मूर्ति, पुलिस अधीक्षक ललितपुर मोहम्मद मुस्ताक, पुलिस अधीक्षक दमोह आनंद कलादगी सहित सीमावर्ती जिलों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उक्त बैठक को संबोधित करते हुए आईजी मिथिलेश शुक्ला ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अंतर्राज्यीय समन्वय, साझा रणनीति और त्वरित सूचना आदान-प्रदान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रयासों से ही नशे के अवैध नेटवर्क पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है।

### आधार मशीन ठप, अधर में बच्चों का भविष्य

ललितपुर। विकास खंड बार के खंड शिक्षा कार्यालय में आधार कार्ड पंजीकरण प्रणाली ठप होने के कारण क्षेत्र के सैकड़ों बच्चों का स्कूलों में दाखिला अधर में लटक गया है, जिसको लेकर भाजपा के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष हरपाल सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा को ज्ञापन देकर आधार कार्ड मशीन का संचालन कराने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि शासन द्वारा स्कूलों में नए प्रवेश के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। बार ब्लॉक मुख्यालय पर स्थित आधार मशीनें या तो अक्सर खराब रहती हैं या फिर वहां तैनात स्टाफ नदारद रहता है। इसके चलते प्रतिदिन दूर-दराज के गांवों से आने वाले सैकड़ों मजदूर और किसान परिवार बिना काम कराए लौटने को मजबूर हैं।

## एक घंटे में बदला क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर, रात 2 बजे रोशनी देकर दिलाई उमस भरी गर्मी से राहत

# आधी रात को जगकर बिजली विभाग बना विद्यार्थियों का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



आकाशीय बिजली गिरने से ओबीसी छात्रावास की विद्युत आपूर्ति ठप होने के बाद सूचना मिलते ही बिजली विभाग ने तत्परता दिखाते हुये आधी रात को ही संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा का ऐसा उदाहरण पेश किया, जिसकी शहरभर में सराहना हो रही है।

भीषण गर्मी के बीच छात्रावास में रह रहे विद्यार्थियों की परेशानी को देखते हुए विद्युत विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने देर रात ही नया ट्रांसफार्मर मंगवाकर मात्र एक घंटे में बदल दिया और रात करीब 2 बजे बिजली आपूर्ति बहाल कर विद्यार्थियों को बड़ी राहत दिलाई।

शुक्रवार को शहर में हुई तेज आकाशीय बिजली के कारण एक ही स्थान पर स्थापित दो ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए। इनमें कुंवरपुर रोड का 200 केवीए तथा ओबीसी छात्रावास का 25 केवीए ट्रांसफार्मर शामिल था। घटना की जानकारी मिलते ही सहायक अभियंता (शहर) के निर्देशन में विद्युत विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई। छात्रावास के आसपास वैकल्पिक ट्रांसफार्मर उपलब्ध नहीं होने के बावजूद विभाग ने बिना समय गंवाए नया 25 केवीए ट्रांसफार्मर मंगवाया और देर रात लगातार काम करते हुए लगभग एक घंटे में उसे स्थापित कर दिया। रात 2 बजे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह बहाल कर दी गई, जिससे छात्र-छात्राओं को गर्मी और अंधेरे से राहत मिली। ओबीसी छात्रावास में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए विद्यार्थी अपने परिवार से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। उनकी असुविधा को प्राथमिकता देते हुए विभाग ने विपरीत परिस्थितियों में भी त्वरित कार्रवाई की। विभाग ने रात्रि करीब 11:30 बजे ही सार्वजनिक सूचना जारी कर उपभोक्ताओं को ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने और मरम्मत कार्य की जानकारी भी उपलब्ध करा दी, जिससे लोगों को वास्तविक स्थिति का समय पर पता चल सका। इस दौरान एक भावुक और प्रेरक दृश्य भी सामने आया। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में विद्युत विभागीय कर्मचारी अपनी नियमित ड्यूटी रात 12 बजे समाप्त होने के बाद भी रात करीब 1:30 बजे छात्रावास के बाहर जल्दबाजी में भोजन करते दिखाई दिए। भोजन समाप्त करते ही वे दोबारा ट्रांसफार्मर बदलने के कार्य में जुट गए और बिजली आपूर्ति बहाल होने के बाद ही रात लगभग 2 बजे वहां से लौटे। विपरीत मौसम, आधी रात और लगातार मेहनत के बावजूद विद्युत विभाग की इस त्वरित एवं मानवीय कार्यशैली ने यह साबित कर दिया कि उपभोक्ताओं, विशेषकर विद्यार्थियों की सुविधा और सुरक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की इस संवेदनशील पहल की मुक्तकंठ से सराहना की।

### जिले के 23727 किसानों ने लिया था 105.98 करोड़ का ऋण, 22723 किसान ही चुका पाए

# 15 जून तक नहीं चुकाया ऋण 1004 किसान बने नए डिफाल्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भले ही जिले में खरीफ ऋण की वसूली पिछले साल की तुलना में इस साल अधिक हुई है,लेकिन इसके बाद भी जिले के 1004 किसान नए डिफाल्टर बन गए है। क्योंकि यह किसान कॉपरेटिव बैंक से लिए गए ऋण को तय समय सीमा 15 जून तक नहीं चुका पाए है। इसलिए इन किसानों को अब सहकारी संस्थाओं से रियायत में मिलने वाले खाद बीज का लाभ नहीं मिलेगा। हालांकि डिफाल्टर घोषित किए गए किसानों को अब बकाया राशि व्याज के साथ चुकाने का मौका दिया गया है। लेकिन इसके बाद भी जो डिफाल्टर किसान राशि नहीं चुकाएंगे,उनके खिलाफ न्यायालय स्तर की प्रकिया के तहत कुर्की जैसी कार्रवाई करने का भी प्रावधान है।

जानकारी के अनुसार खरीफ सीजन 2025 के तहत जिले के 23 हजार 727 किसानों के द्वारा सहकारी संस्थाओं के माध्यम से कॉपरेटिव बैंक से खाद बीज के लिए 105.98 करोड रूपए का ऋण लिया गया था। इन किसानों को ऋण की यह राशि 15 जून तक लौटाए जाने की समय सीमा दी गई थी। बताया गया है कि 15 जून तक की अवधि के दौरान जिले के 22 हजार 723 किसानों ने 103.04 करोड रूपए की ऋण राशि चुका दी है। लेकिन जिले के 1004 किसान ऐसे है, जो समय सीमा में ऋण की राशि को चुका नहीं पाए है। जिसकारण इन किसानों को डिफाल्टर घोषित कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि डिफाल्टर घोषित किए गए 1004 किसानों पर 2 करोड 94 लाख रूपए की राशि बकाया है। जिन्हें अब यह राशि 12 प्रतिशत व्याज के साथ लौटाने का समय दिया गया है। इसके लिए उन्हें नोटिस आदि भी दिए जाएंगे। इसके बाद भी ये किसान राशि नहीं लौटाएंगे तो उनके खिलाफ न्यायलयीन कार्रवाई करने का भी प्रावधान है।




#### 2 फीसदी बढ़ गई ऋण वसूली

किसानों को सहकारी संस्थाओ के माध्यम से खाद बीज खरीदने हेतु दी जाने वाली ऋण की राशि की वसूली कार्रवाई में इस साल बढोत्तरी हुई है। विभागीय सूत्रों की माने तो पिछले सीजन में 95 प्रतिशत ऋण की वसूली किसानों से हो गई थी,लेकिन इस बार ऋण वसूली 97.26 प्रतिशत हो गई है। जो कि पिछले साल की तुलना में 2 प्रतिशत अधिक हुई है।

#### अब किसानों को ऋण लौटाने के लिए मिलेंगे 364 दिन

सोसायटियों से ऋण लेने वाले किसानों को अब उसे लौटने के लिए 364 दिन का समय मिलेगा। इस तरह के नए निर्देश शासन की ओर से जारी कर दिए गए है। पहले किसानों को ऋण लौटने के लिए सीजन वाइज जो समय मिलता था,वह समय कम रहता था,जिस कारण कई किसान ऋण को तय सीमा में लौटा नहीं पाते थे। लेकिन अब शासन ने इस ऋण को लौटने के लिए 364 दिन की एक निर्धारित समय सीमा में तय कर दी गई है। जिसका लाभ किसानों को अगले सीजन से मिलना शुरू हो जाएगा।शासन के इन नए निर्देशों से उम्मीद की जा रही है कि डिफाल्टर बनने वाले किसानों की संख्या में कमी आएगी।

#### नए निर्देश आ गए

हां इस साल ऋण वसूली 2 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी है। लेकिन 1004 किसान 15 जून तक ऋण की राशि लौटा नहीं पाए हैं। जो डिफाल्टर हो गए हैं,अब उन्हें नोटिस जारी किए जाएंगे। अगले सीजन से किसानों को ऋण की राशि लौटने के लिए पूरे 364 दिन मिल जाएंगे। इस तरह के निर्देश शासन स्तर से प्राप्त हो गए है।

**दिनेश कुमार गुप्ता**
**नोडल अधिकारी कॉपरेटिव बैंक श्योपुर**

### मानपुर से हटकर देहात थाने की सीमा में शामिल होना चाहते है डाबली के ग्रामीण

# जंगल में बसे डाबली गांव के ग्रामीणों की मांग अधूरी, नहीं बदला थाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

घनघोर जंगल में बसे डाबली गांव के ग्रामीण मानपुर थाना क्षेत्र की सीमा से हटकर श्योपुर के देहात थाने की सीमा में शामिल होना चाहते है। इसके लिए ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर से लेकर जिले के प्रभारी मंत्री तक आवेदन भेजकर मांग जोरदारी से उठाई। लेकिन इसके बाद भी डाबली के ग्रामीणों की यह मांग अभी तक अधूरी पडी है। इस मांग के पूरी न होने से जहां डाबली के ग्रामीणों को पुलिस मदद लेने के लिए परेशान होना पड रहा है। वहीं संबंधित थाने की पुलिस को भी यहां कोई घटना होने पर पहुंचने में वक्त लग रहा है।

आदिवासी विकासखंड कराहल की ग्राम पंचायत झरेर के अंतर्गत आने वाला डाबली गांव वर्तमान में मानपुर थाने के अधीन आता है। ग्रामीणों ने बताया कि डाबली गांव से मानपुर थाने की दूरी 40 किलोमीटर है और मानपुर तक जाने के लिए कोई सीधा रास्ता भी नहीं है। उन्हे काफी फेर खाते हुए मानपुर थाने पहुंचना पडता है उधर दूरी अधिक होने की वजह से मानपुर थाना पुलिस को भी रास्ते की दिक्कत के कारण डाबली गांव में पहुंचने में समय लगता है। जबकि डाबली गांव से देहात थाने की दूरी 12 से 14 किलोमीटर के करीब है और डाबली से श्योपुर तक प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत पक्की सडक भी बनी हुई है। इसलिए डाबली के ग्रामीणों को श्योपुर पहुंचने में ज्यादा समय नहीं लगता है। इसलिए डाबली के ग्रामीण चाहते है कि उन्हें मानपुर थाने की सीमा से हटाकर देहात थाने की सीमा में शामिल कर दिया जाए। ऐसा करने पर न केवल डाबली के ग्रामीणों को पुलिस की मदद शीघ्रता से मिल सकेगी,बल्कि देहात थाना पुलिस भी जरूरत पडने पर झट से डाबली गांव पहुंच जाएगी।

#### बना रहता है बदमाशों का डर

ग्रामीणो के मुताबिक डाबली गांव घनघोर जंगल में बसा हुआ है। जंगल होने के कारण यहां के ग्रामीणों को बदमाशों के आने का डर हमेशा सताता रहता है। क्योंकि बारिश के दिनो में जंगल जल स्त्रोत बहना शुरू हो जाते है वहीं खिरखाई भी लग जाता है,इसलिए बदमाशों के आने का डर ज्यादा रहता है। ऐसी स्थिति में यहां पुलिस को भी जल्द से पहुंचने की जरूरत है।

#### इनका कहना...

डाबली गांव से जितनी दूरी मानपुर थाने की है,उससे आधी दूरी भी देहात थाने की नहीं है। इसलिए डाबली गांव को मानपुर से हटाकर देहात थाने में शामिल किए जाने की मांग काफी दिनों से उठा रहे है,लेकिन कोई सुनवाई ही नहीं हो रही है। यह मांग जल्द पूरी होनी चाहिए।

**सुरेश गुर्जर**
**जिला उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा**

अभी तक तो इस तरह की कोई मांग मेरे समक्ष नहीं आई है। यदि इस तरह की कोई मांग आएगी तो उसका परीक्षण कराते हुए कार्रवाई की जाएगी। वैसे थानों के सीमा क्षेत्र में बदलाव पहले हो चुका है।

**सुधीर कुमार अग्रवाल**
**एसपी,श्योपुर**

# मेरा बूथ सबसे मजबूत अवधारणा को साकार करें कार्यकर्ताः शशांक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

भाजपा के शीर्ष नेतृत्व एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेरा बूथ सबसे मजबूत अवधारणा को मंडल से जुड़े कार्य करता मुहूर्त रूप देने के लिए काम करें अब संगठन में उन्ही कार्यकर्ताओं का को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जाएगी जिनके बूथ सशक्त है यानी वहां से भाजपा अधिक मतों से जीतकर आती है ऐसे छोटे कार्यकर्ता जिनकी वजह से बूथ मजबूत होता है तो वह ऊंचे पदों तक पहुंचेंगे यह बात भाजपा कार्यालय पर आयोजित भाजपा ग्रामीण मंडल की मासिक बैठक एवं डिजिटल प्रशिक्षण कार्यशाला में भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कही। ग्रामीण मंडल की मासिक बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने 'डिजिटल प्लेटफॉर्म लर्निंग सर्टिफिकेट' के संबंध में बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक में मंडल प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष महावीर मित्तल विशेष रूप से उपस्थित रहे। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष लेखराज सिंह गुर्जर के नेतृत्व में सभी मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, महामंत्री, बीएलए एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी कार्यकर्ताओं ने डिजिटल साक्षरता के महत्व को समझा और आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर गंभीरता से चर्चा की। संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए हम सभी संकल्पित हैं।



### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर घायल

**श्योपुर।** श्योपुर सवाईमाधोपुर नेशनल हाइवे पर सोंईकलां के बाइपास तिराहे पर शनिवार की दोपहर को बाइक सवार युवक को एक अज्ञात कार टक्कर मारकर भाग गई। जिससे बाइक सवार मुकेश 36 वर्ष पुत्र गणेश पांचाल निवासी रातेई तहसील शाहबाद जिला बारां राजस्थान गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस की डायल 112 तत्काल मौके पर पहुंची। डायल 112 गाडी में मौजूद आरक्षक विनोद कुशवाह और पायलट अभय सिंह जादौन ने स्थानीय लोगो की मदद से घायल युवक को उठाकर इलाज के लिए जिला अस्पताल में लाकर भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसके सिर में गंभीर चोट बताई है।

### गांव बसा नहीं चोर पहले ही आ गए.. कहावत हो रही चरितार्थ

# पार्षद का आरोपः स्मार्ट मीटर बंद करने के नाम पर रिश्वत वसूल रहे कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

गांव बसा नहीं चोर पहले ही आ गए, यह कहावत उस समय चरितार्थ होती दिखाई पड़ी जब शहर श्योपुर के वार्ड नं 11 में बिजली कंपनी की और से स्मार्ट मीटर लगाते समय पार्षद और एक आउटसोर्स कर्मचारी के बीच हुई बहस सुनने को मिली। पार्षद का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगाने आया आउटसोर्स कर्मचारी उपभोक्ताओं से 600 रुपए की मांग यह कहते हुए कर रहा है कि वह फिटिंग करते समय मीटर को बंद कर देगा जिससे मीटर कम रीडिंग बताएगा। इस बात को लेकर पार्षद ने खूब हंगामा किया। और स्मार्ट मीटर लगाने आए कर्मचारियों को उल्टे पांव वापस लौटा दिया और इसकी शिकायत कलेक्टर सहित बिजली कंपनी के आला अधिकारियों से करने की बात कही।

वार्ड 11 में बिजली कंपनी की ओर से स्मार्ट मीटर लगाने पहुंचे कर्मचारियों को पार्षद सुमेर सिंह ने यह कहते हुए मीटर लगाने से रोक दिया कि यह मीटर पहले बाजार में बड़े लोगों के घरों पर लगाओ जो कई एयर कंडीशनर चला रहे हैं। पुराने मीटर से मिल फैक्ट्री चल रहे हैं उनके घरों में लगाने के बजाए यह मीटर गरीब लोगों के घरों पर लगाए जा रहे हैं जो एक षड्यंत्र है यह मीटर खपत से अधिक रीडिंग दिखाता है और पेमेंट खत्म होने पर बिजली बंद कर देगा। जिससे गरीब लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हो जाएंगे। विरोध के बाद मीटर लेकर आए कर्मचारियों को बेरंग वापस लौटना पड़ा लेकिन



विवाद से पहले वह कुछ घरों में स्मार्ट मीटर जरूर लगा गए।पार्षद का आरोप है कि जो कर्मचारी मीटर लगाने आए हैं उनमें से ही एक कर्मचारी 600 रुपए लेकर मीटर में छेड़छाड़ कर उसे कम रीडिंग बताने वाला बनाने का दावा भी कर रहा है। पार्षद इस तरह के आरोप लगाते हुए जिस महिला से 600 रुपए की मांग की थी उसके हाथ से रुपए लेकर सोशल मिडिया पर जारी वीडियो में बताता भी दिख रहा है। अब इसमें सच्चाई कितनी है यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा लेकिन स्मार्ट मीटर में छेड़छाड़ का मामला अगर आ रहा है तो यह बेहद गंभीर बात है बिजली कंपनी को इसे सिर्फ किसी के विरोध को देखते हुए नहीं लेना चाहिए बल्कि उक्त क्षेत्र में लगाए गए मीटरों की जांच की जानी चाहिए क्या वह लोड अनुसार रीडिंग बता रहे हैं या नहीं। उधर बिजली कंपनी के अधिकारियों ने इस मामले की जांच कराने की बात कही है।

# पीएमयूएम हर दुख की घड़ी में शिक्षक साथियों के साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पीएमयूएम की श्री हज़ारेश्वर पार्क में आयोजित हुई बैठक में प्रदेश पदाधिकारी सतीश खरे ने कहा कि संगठन दुख की घड़ी में हमेशा शिक्षकों के साथ खड़ा रहा है। पीएमयूएम शिक्षक संघ कर्मचारी कल्याण कोष के तत्वावधान में गूगल मीट के माध्यम से श्योपुर जिले की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों एवं जिले के सदस्यों ने सहभागिता की। इस दौरान प्रांतीय टीम से सतीश खरे एवं मुरली मनोहर अरजरिया ने संगठन की कार्यप्रणाली, सेवा भावना और सहयोग अभियान को लेकर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया।बैठक में 5 जुलाई 2026 से प्रारंभ होने वाले सहयोग अभियान को सफल बनाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों से अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा अधिक से अधिक सहयोग सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक में बताया गया कि पीएमयूएम शिक्षक संघ कर्मचारी कल्याण कोष अब तक अपने 11 दिवंगत शिक्षक साथियों के परिवारों को 3 करोड़ 26 लाख रुपये से अधिक की आर्थिक सहायता उपलब्ध करा चुका है।

### ई-टोकन जनरेट करने हेतु 15 रुपए का शुल्क निर्धारित

**श्योपुर।** शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक ई-टोकन जनरेट करने के लिए अधिकतम 15 रूपये का शुल्क निर्धारित किया गया है। उप संचालक कृषि जीके पचौरिया ने बताया कि ई विकास प्रणाली प्रणाली अंतर्गत किसानो को खाद लेने हेतु ऑनलाइन ई-टोकन जनरेट कराना अनिवार्य है। जिले के समस्त एमपी ऑनलाइन एवं कियोस्क संचालकों से कहा गया है कि वे कृषकों को ई टोकन जनरेट करने हेतु प्रति टोकन 15 रूपये का सेवा शुल्क लेंगे। कोई भी कियोस्क या एमपी ऑनलाइन संचालक कृषकों से इस निर्धारित शुल्क (15 रूपये) से अधिक राशि की मांग नहीं करेगा। यदि किसी कियोस्क या एमपी ऑनलाइन संचालक द्वारा कृषकों से निर्धारित से अधिक राशि वसूलने की शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# कराहल में विद्यार्थी परिषद का शिविर आयोजित, नगर कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कराहल कस्बे में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (अभाविप) का एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया।जिसमें अभाविप की कराहल नगर कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई। अभाविप जिला संयोजक गणेश शर्मा ने बताया कि शिविर में संगठन के कार्यकर्ताओं को परिषद् की कार्यपद्धति, संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर मार्गदर्शन प्रदान किया गया साथही संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।कराहल नगर इकाई की घोषित की गई कार्यकारिणी में लोकेश बैरागी को कराहल नगर अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं नगर मंत्री रितिक मुदगल, उपाध्यक्ष राघवेन्द्र करेरिया, यश पचोरी, नगर सहमंत्री पुस्पेंदर यादव, प्रियांशु ओझा, सरांश शुक्ला, महाविद्यालय प्रमुख देव ओझा , विधालय प्रमुख रितिक ओझा, अनिकेत सेन,एसएफडी प्रमुख दक्ष दीक्षित, खेलो भारत रोहित गोलियां, छात्रा प्रमुख पूजा शर्मा, सोशल मीडिया साहिल खान तथा छात्रावास प्रमुख राम मुदगल और कान्हा गर्ग को नियुक्त किया गया है।




### नगरपालिका मतदाता सूची ऑनलाइन अपडेशन जारी

# एसआईआर में जो नाम कट गए थे वो भी जुड़वा रहे हैं नपा की मतदाता सूची में अपने नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

एक साल बाद होने वाले नगरपालिका चुनाव के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने अभी से ही तैयारी शुरू कर दी है, इसमें मुख्य काम फोटो युक्त मतदाता सूची तैयारी का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा हैं। नगरीय क्षेत्र के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा गठित किए गए प्राधिकृत कर्मचारियों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार आयोग मतदाता सूची को अंतिम रूप देने की तैयारी में जुटा है। खास बात यह है की हाल ही में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा की गई एसआईआर में जो लोग खुद को भारतीय नागरिक होना साबित नहीं कर पाए थे वो भी इस अभियान में अपने नाम दोबारा जुड़वा रहे हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरपालिकाओं और पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2026 की समय सारणी में संशोधन करते हुए दावा-आपत्ति दर्ज कराने की पूर्व घोषित अंतिम तिथि अब 15 जून 2026 से बढ़ाकर 25 जून 2026 कर दी थी जिस के तहत नियत समय तक विभिन्न वार्डो से 697 मतदाता ऐसे मिले जो या तो मर चुके हैं या उन्होंने अपने पते ठिकाने बदल दिए हैं या फिर वह मिल ही नहीं रहे हैं। इन वोटर्स के नाम मतदाता सूची से काटे जाना तय हैं लेकिन बड़ी संख्या में वो मतदाता भी सूची में जुड़ गए हैं या फिर पूर्व की तरह यथावत बने हुए हैं जो अपनी नागरिकता एसआईआर में साबित नहीं कर सके थे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्योपुर संजय जेन ने बताया कि आयोग द्वारा पूर्व में निर्धारित समय सारणी में बदलाव करते हुए पहले दावा-आपत्ति केन्द्रों पर दावे और आपत्तियां 15 मई से 15 जून 2026 अपराह्न 3:00 बजे तक ही ली जानी थीं। बाद में मतदाता 25 जून 2026 अपराह्न 03:00 बजे तक दावे-आपत्ति दर्ज कराने का अवसर मतदाताओं को दिया गया था। इस निर्धारित तिथि में जो दावा आपत्ति प्राप्त हुई है उनकी समीक्षा की जा रही है और जल्द ही मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन करा दिया जाएगा उक्त सूची से ही नगर पालिका के चुनाव कराए जाने हैं।




#### ऑफलाइन बंद ऑनलाइन चालू प्रक्रिया

भले ही राज्य निर्वाचन आयोग ने 25 जून तक मतदाता सूची अपडेशन करने के लिए दावा आपत्ति आमंत्रण करने का काम पूरा कर लिया हो और नाम काटने बढ़ाने के फॉर्म लेना बंद कर दिए हो लेकिन ऑनलाइन फार्म अभी भी लिए जा रहे हैं। अगर कोई ऐसा नया मतदाता है जो 18 साल की आयु पूरी कर चुका है और उसका नाम मतदाता सूची में नहीं जुड़ा है तो वह ऑनलाइन आवेदन कर मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकता है। अगर किसी वोटर का नाम मौत होने पर भी नहीं काटा है तो संबंधित के परिजन फॉर्म भरकर नाम कटवा सकते हैं। नाम संशोधन कराने, पते बदलवाने का काम भी ऑनलाइन किया जा सकता है। यह काम राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर मतदाता अपने मोबाइल से भी कर सकता है।

#### इसलिए मिल रहा एसआईआर में फैल मतदाताओं को अवसर

मतदाता सूची से फर्जी बोगस मतदाताओं को हटाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाया गया एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) अभियान में बड़ी संख्या में देश-विदेश और जिले में फर्जी बोगस मतदाताओं के नाम काटे गए थे यह वो मतदाता थे जिन्हें कई बार अपनी नागरिकता साबित करने का अवसर दिया गया लेकिन वह निर्वाचन आयोग को ऐसा कोई डॉक्यूमेंट नहीं दे पाए जिससे साबित हो कि वह यहां के इस देश के निवासी हैं हालांकि एसआईआर को सीधे नागरिकता से ना जोड़कर सिर्फ मतदाता सूची से जोड़ा गया था और उन्हें अगले मतदान के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। जो लोग डाक्यूमेंट उपलब्ध कराने में असफल रहने पर भारत निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची से बाहर हो गए थे वह अब नगर पालिका पंचायत के लिए मतदाता सूची अपडेशन अभियान में वह लोग भी दोबारा से अपने नाम जुड़वा रहे हैं या फिर उनके जो नाम पहले से सूची में जुड़े हुए हैं उन्हें काटा नहीं जा रहा दरअसल यह विसंगति इसलिए आ रही है कि एसआईआई भारत निर्वाचन आयोग ने कराई थी और पंचायत एवं नगर पालिका के चुनाव राज्य निर्वाचन आयोग करा रहा है एसआईआर के माध्यम से विधानसभा की मतदाता सूची को अपडेट किया गया था और अब नगर पालिका सूची को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अपडेट किया जा रहा है। दोनों कार्यक्रम अलग-अलग हैं इसलिए नगर पालिका में अगर वह लोग वोट डालते दिखे जिन्हें विधानसभा की मतदाता सूची में वोट डालने से प्रतिबंधित कर दिया गया है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

#### ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं...

एसआईआर भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव के लिए कराई थी, राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत और नगर पालिका चुनाव के लिए मतदाता सूची के अपडेशन का काम किया जा रहा है। दावा आपत्ति का समय निकल चुका है लेकिन ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं।


**संजय जैन**
**उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्योपुर**

# 18 अगस्त को जाएगी डिग्गी पैदल यात्रा, भुवनेश बने समिति के नए अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

राजस्थान के डिग्गी मालपुरा में विराजित श्री कल्याण जी महाराज के दर्शनों के लिए इस बार श्योपुर से 27 वीं पैदल यात्रा जाएगी। जो कि 18 अगस्त को शहर के श्री टोडी गणेश मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना के साथ रवाना होगी। इस तरह का निर्णय शनिवार को आयोजित हुई श्री कल्याण जी महाराज पैदल यात्रा समिति श्योपुर की बैठक में लिया गया। इसके साथ ही समिति की नवीन कार्यकारिणी भी चुनी गई।

सर्व सम्मति से चुनी गई नवीन कार्यकारिणी का अध्यक्ष भुवनेश मीणा उतनवाड को बनाया गया है। जबकि उपाध्यक्ष रामसिंह मीणा विजरपुर, हरिमोहन मीणा जावदेश्वर, बाबूलाल मीणा बडाखेडा, शंभूदयाल जागा ननावद, रामरूप मीणा बगडुआ, मलखान मीणा विजरपुर, सचिव रामलाल मीणा सोंठवा, सहसचिव रामरूप मीणा गुरनावदा, कोषाध्यक्ष मांगीलाल पटेल मेवाड़ा, सह कोषाध्यक्ष देवकीनंदन शर्मा अजापुरा को नियुक्त किया गया है। प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी लक्ष्मण वैष्णव, कान सिंह मीणा नागरगांवडा, धर्मराज सुमन किशोरपुरा, रामदयाल मीणा सोंठवा को सौंपी गई है। बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। साथही यह भी तय कर लिया है कि 27 वीं पैदल यात्रा 18 अगस्त को सुबह 9 बजे श्री टोडी गणेश मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना के साथ रवाना होगी और श्री कल्याण जी महाराज मंदिर पर झंडा चढाने के साथ पैदल यात्रा का समापन किया जाएगा।



**खबर संक्षेप**

## जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहरी राय निवासी जगदेव संधु ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी चंदू यादव और चंदू कोरी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बमनाई हवेली निवासी आशीष यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विपिन और प्रकाश यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत केशोपुर निवासी आकाश लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिशुपाल और रवि लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामनगर निवासी सुशीला आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी धनराज विशाल, चीनू, गीता बाई पारदी ने धनराज पारदी के मकान में बंद करके उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिंकूपुर निवासी मुन्ना बागड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी वीर सिंह बागड़ी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत साजन मउ खुर्द निवासी कमल आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विवेक लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से वैजंती बाई लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कमर आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## कलेक्टर ने खाद वितरण व्यवस्थाओं का जायजा लिया



**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय ने शुक्रवार को डबल लॉक केंद्र अशोकनगर पहुंचकर खाद वितरण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन के लिए ई टोकन के माध्यम से सभी किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए वितरण व्यवस्था पारदर्शी और व्यवस्थित रहे। उन्होंने केंद्र पर खाद के स्टॉक की उपलब्धता की जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए।

### युवक की रिपोर्ट पर महिला पर मामला दर्ज


# अशोकनगर में हनी ट्रैप का मामला महिला ने की एक करोड़ की मांग

**महिला लाखों रूपए पहले ही ले चुकी थी, अब ब्लैकमेल की धमकी दी जा रही थी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अशोकनगर शहर में एक हनी ट्रेप का मामला सामने आया है जिसमें एक महिला द्वारा युवक को ब्लैकमेल कर 1 करोड़ रूपए की मांग की गई थी, युवक की शिकायत के बाद पुलिस ने महिला पर मामला दर्ज किया है। उक्त महिला पहले भी लाखों रूपए ले चुकी थी, अब उसके द्वारा 1 करोड़ रूपए की मांग की जा रही थी।





### फरियादी पीएचई कार्यालय में पदस्थ है

फरियादी मोहित मांझी (उम्र 31 वर्ष), निवासी न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, दतिया हाल निवासी अशोकनगर जो पीएचई कार्यालय अशोकनगर में पदस्थ है। उसके द्वारा थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि एक महिला उसके निजी वीडियो वायरल करने तथा दुष्कर्म के झूठे प्रकरण में फंसाने की धमकी देकर उससे लगातार धनराशि की मांग कर रही है। शिकायत के आधार पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 408/2026 अंतर्गत धारा 308 (2) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा ने थाना प्रभारी कोतवाली को प्रकरण में त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

### आरोपी महिला के पास से निजी गुप्त वीडियो बरामद

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं एसडीओपी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चैहान के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी महिला एवं फरियादी के मध्य पूर्व में आपसी सहमति से संबंध रहे थे। आरोपी द्वारा कथित रूप से उनके निजी वीडियो गुप्त रूप से रिकॉर्ड कर लिए गए तथा उन्हीं वीडियो को वायरल करने एवं झूठे प्रकरण में फंसाने की धमकी देकर फरियादी से विभिन्न माध्यमों से लगभग 3 लाख की राशि प्राप्त की गई। इसके उपरांत आरोपी महिला द्वारा आपत्तिजनक वीडियो हटाने के एवज में 1 करोड़ की अतिरिक्त मांग की गई। आरोपी महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

महिला उसके निवास पर घरेलु सहायिका के रूप में कार्य करती थी उसने अपनी वैवाहिक जीवन की समस्याओं और आर्थिक समस्याओं के बारे बताया। जिसके कहने पर मैंने उसकी सहायता की। उसके भाभी और भाई जो आरोन रोड पर निवास करते हैं उनके खातों में कई बार राशि भेजी गई। मुझे जानकारी मिली कि उसके मेरी बिना सहमति के हमारे निजी संबंधों की वीडियो बना ली है वह मुझे लगातार फोन करके और व्हाटसएप पर वीडियो भेजती रही और घर आने के लिए बुलाती रही। आरोपी महिला पूर्व में जब उसका निवासी टीचर कॉलोनी में था तब भी बिना बताए आ जाती थी। ज्ञात हो कि महिला का अपने पति से तलाक हो गया है और वह तीन बच्चों की मां है। इस शिकायत के बाद पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

**इनका कहना है...**

मोहित मांझी द्वारा थाने मे शिकायत की गई थी कि एक महिला द्वारा लगातार कई महीनों से ब्लैकमेल किया जा रहा है, और वीडियो भी बना ली है तथा उससे एक करोड़ रूपए की मांग की जा रही है। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया है। अधिकारियों के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है, जिसमें महिला को गिरफ्तार किया गया है तथा उसके मोबाइल को भी जब्त किया गया है। अब तक 3 लाख रुपए लिए जा चुके हैं, महिला के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

**रवि प्रताप सिंह चौहान** टीआई सिटी कोतवाली अशोकनगर

## अजा आयोग के सदस्य बारेलाल ने छात्रावास का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाढ़ौरा

अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य बारेलाल अहिरवार ने गुरुवार शाम अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने छात्रावास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, छात्राओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

अहिरवार समाज संघ तहसील शाढ़ौरा के अध्यक्ष नथन अहिरवार ने शुक्रवार सुबह बताया कि आयोग सदस्य कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक के बाद शाढ़ौरा पहुंचे थे। यहां बालिका छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बारेलाल अहिरवार ने छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं, व्यवस्थाओं और छात्राओं को होने वाली समस्याओं की जानकारी ली। कार्यक्रम में अहिरवार समाज संघ के जिला अध्यक्ष एवं पार्षद रवि मोहने, तहसील अध्यक्ष नथन सिंह पहाड़ा, नीलम सिंह, विनोद सहित समाज के अन्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान पार्षद रवि मोहने ने नगर परिषद क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों तथा कथित भ्रष्टाचार के मामलों की जानकारी आयोग सदस्य को दी। उन्होंने इन मामलों की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की।

## पिपरई से बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए श्रद्धालु रवाना



**पिपरई।** बजरंग दल प्रमुख डॉक्टर दशरथ यादव ने बताया कि पिपरई नगर से श्रद्धालु बाबा अमरनाथ जी की यात्रा के लिए रवाना हुए जिसमें नगर की मंगल कामनाओं को लेकर सुख समृद्धि की मांग को लेकर बाबा अमरनाथ जी की यात्रा में नीरज यादव, डॉ राजेश राय, कमल किशोर प्रजापति श्रद्धालु पिपरई से रवाना हुए।

## तहसीलदार बहादुरपुर ने आदिवासियों की समस्याओं का कराया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

तहसीलदार बहादुरपुर कैलाश चंद्र मालवीय द्वारा शुक्रवार को ग्राम पंचायत दमदमा के रोरी चक्क (आदिवासी बस्ती) पहुंच कर आदिवासी ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर हर संभव निराकरण कराया गया। इस दौरान विद्युत मण्डल द्वारा स्थापित डीपी हेतु आदिवासी बस्ती के बकाया बिल की राशि जनसहयोग 5000 रुपये स्वंय तहसीलदार बहादुरपुर दिये गयें एवं ग्राम पंचायत दमदमा के सरपंच एवं सचिव द्वारा जन सहयोग से कुल 30000 रुपये की राशि मौके पर बिजली विभाग को बकाया के रुप मे जमा कराई गईं।

वन विभाग की टीम के साथ वन पटटेधारियों की समस्याओं का वन विभाग की टीम एवं राजस्व टीम के साथ मौके पर निराकरण कराया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को नल कूप मे बंद मोटर बदलवाये जाने के निर्देश दिये गयें एवं उक्त मोटर नलकूल में डालने हेतु दो दिवस का समय पीएचई विभाग को दिया गया। महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा ग्राम में भ्रमण कर स्वास्थ्य परीक्षण एवं



लाडली बहना की केवायसी करवाई गई। जनपद पंचायत मुंगावली की टीम को निर्देश दिए गए कि चक्क तक आवागमन के रास्ते के गढढो को मुरम से भरे जाऐ और आदिवासी बस्ती में जिन स्थानों पर कीचड हो रहा है उन जगहो पर भी मुरम डाली जाए यह कार्य तत्काल प्रारंभ किया जाएं। उल्लेखनीय है कि आदिवासी ग्रामीणों द्वारा 2 जुलाई 2026 को अपनी विभिन्न मांगो को लेकर अशोकनगर विदिशा मुख्य सडक पर चक्का जाम किया गया था। तहसीलदार बहादुरपुर द्वारा मौके पर पहुंच कर समस्याओं की निराकरण हेतु मौके पर बिजली विभाग के अधिकारियो को निर्देशित कर डीपी रखवा कर लाईट चालू कराई गई ।

## रेल पटरियों पर मिले शव पति-पत्नी के होना पाए गए

**अशोकनगर।** गुना बीना रेल खण्ड के हिनोतिया पीपलखेडा रेलवे स्टेशन के समीप पोल क्रमांक 1047 के पास एक महिला और एक युवक का शव कटी हुई अवस्था में रेल पटरियों पर पाया गया था। देहात पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया था, मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई थी, देहात पुलिस ने दोनों मृतकों के शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखवा दिए थे, घटना गुरूवार की थी। शुक्रवार को दोनों मृतक अशोकनगर की शंकर कॉलोनी के निवासी होना पाए गए, जो आपस में पति पत्नि हैं। जिनमें जगभान पुत्र भरोसा अहिरवार उम्र 35 साल और वर्षा पत्नि जगभान अहिरवार उम्र 32 साल शामिल हैं जो शहर में पन्नी बीनने का काम करते थे। जगभान अहिरवार शराब का आदी था, यह दोनों पति पत्नि पिपरई थाने के अंतर्गत ग्राम भरका के रहने वाले थे और 15 साल पहले अशोकनगर में आकर शंकर कॉलोनी में बस गए थे।

### ट्रेनों की कमी से जूझ रहा अशोकनगर

## जबलपुर रेल महाप्रबंधक कार्यालय ने कई ट्रेनों को लेकर कारण गिनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

ट्रेनों की कमी से जूझ रहा अशोकनगर जिला समस्याओं के गंभीर चपेट में है, यह सब तब हो रहा है जब यहां के नेता सांसद, और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया हैं। जबलपुर रेल महाप्रबंधन के अधिकारियों ने अपने स्तर पर किसी भी ट्रेन को लेकर असमर्थता जताई है और कारण गिनाए हैं, उनका सीधा सीधा कहना है कि उनके हाथ में कुछ नहीं है जो भी जादू चलना है वह केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रभाव से ही चलना है। जब तक वह अपने राजनैतिक प्रभाव का उपयोग दबाव की शैली में नहीं करेगें तब तक कोई भी नई ट्रेन यहां चल पाए संभव नहीं हैं।

पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय जबलपुर में क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा 15 दिसंबर 2025 एवं 26 फरवरी को रेल मंत्री भारत सरकार के लिए प्रस्तुत मांग पत्रों पर सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जानकारी मांगने के संबंध में जबलपुर मुख्यालय द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता डॉ योगेश मिश्रा को फाइल निरीक्षण करने हेतु 3 जुलाई 2026 को जबलपुर बुलाया था, जिस पर डॉक्टर योगेश मिश्रा ने महाप्रबंधक कार्यालय में पहुंचकर परिचालन विभाग में उपस्थित फाइल का निरीक्षण किया और उसमें मुख्यालय जबलपुर के द्वारा जो टिप्पणियां रेल




बोर्ड को विभिन्न मांगों के संबंध में भेजी गई हैं उनका अध्ययन किया और निष्कर्ष जो निकला है उसके अनुसार क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को यदि गुना शिवपुरी अशोकनगर संसदीय क्षेत्र में महत्वपूर्ण ट्रेनों का संचालन विस्तार एवं नई ट्रेन चलवाना है तो इसके सीधे आदेश रेलवे बोर्ड रेल मंत्रालय से उन्हें जारी कराना आवश्यक हो गया है।

क्योंकि जो ट्रेनों की मांग की गई है वह ट्रेनें अलग अलग क्षेत्र के रेलवे जोन से निकलती हैं। एक जोन अगर स्वीकृति भी देता है तो दूसरे जोन की स्वीकृति होना भी अनिवार्य है। इसी स्वीकृती की कमी इन ट्रेनों के संचालन में बांधा बनी है। इन अलग अलग जोन के बीच एक संयुक्त राय बनाने के लिए रेलवे बोर्ड की जरूरत है। रेलवे बोर्ड तक पहुंचने के लिए राजनैतिक पावर की आवश्यकता है और यह पावर सिर्फ और सिर्फ ज्योतिरादित्य सिंधिया के पास है वह चाहेगें तो ट्रेनें चलेंगी और नहीं चाहेगे तो ट्रेनें नहीं चलेगीं।

**खास बातें**

- भोपाल ग्वालियर इंटरसिटी को दिल्ली तक बढ़ाई जाने के लिए उत्तर मध्य रेलवे तथा उत्तर रेलवे की सहमति आवश्यक है।
- इसी प्रकार इंदौर से प्रयागराज को अशोकनगर के माध्यम से ट्रेन चलाने के लिए पश्चिम रेलवे, उत्तर मध्य रेलवे की सहमति आवश्यक है।
- जहां तक पश्चिम मध्य रेलवे में इंदौर जबलपुर और कोटा जबलपुर ट्रेन के पुन: संचालन की बात है, उसमें भी राजनैतिक पावर की जरूरत है, यह ट्रेने पहले चलती थीं लेकिन राजनैतिक प्रभाव के अभाव में बंद हैं।
- कोटा हिसार ट्रेन को बीना जंक्शन रेलवे स्टेशन तक लाने के लिए भी जो रुकावट है, वह वाशिंग पिटलाइन का न होना है, क्योंकि बीना जंक्शन रेलवे स्टेशन पर 24 डिब्बों की वाशिंग पिटलाइन नहीं है, जिससे गाड़ियों का प्राथमिक अनुरक्षण नहीं हो सकता है। बीना में पैसेंजर ट्रेन के लिए पिट लाईन है लेकिन एक्सप्रेस के लिए पिटलाईन नहीं है।
- गुना जंक्शन रेलवे स्टेशन पर,अशोकनगर रेलवे स्टेशन पर वॉशिंग पिटलाइन के निर्माण न होने से विभिन्न ट्रेनों का संचालन संभव नहीं हो पा रहा है।

### महाप्रबंधक को विभिन्न ट्रेनों व पिटलाइन के संबंध में सुझाव दिए

सामाजिक कार्यकर्ता डॉ योगेश मिश्रा के द्वारा गुना शिवपुरी अशोकनगर संसदीय क्षेत्र से वंदे भारत ट्रेन के चलाए जाने, कोटा जबलपुर ट्रेन को पुनः संचालित किए जाने तथा बीना, गुना अशोकनगर रेलवे स्टेशन पर पिटलाइनों के निर्माण तथा समर स्पेशल ट्रेन प्रयागराज हुबली एवं जोधपुर चेन्नई के स्टॉपेज अशोक नगर रेलवे स्टेशन पर किए जाने से संबंध में मांग पत्र महा प्रबंधक कार्यालय में प्रस्तुत किए गए हैं। पिटलाईन की समस्या हर ट्रेन को लेकर आ रही है, जबकि बीना दिल्ली मुंबई रेल मार्ग का महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है। रेलवे यहां आसानी से मालखेडी में आसानी से पिटलाईन का निर्माण कर सकती है, इसीलिए इस स्टेशन का निर्माण किया गया है।




## दीक्षारंभ के साथ मानसिक स्वास्थ्य व वेलनेस कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ अवसर पर शुक्रवार को दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का उत्साहपूर्वक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेणु राजेश ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को नवीन शैक्षणिक सत्र के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम प्रभारी डॉ. योग्यता भार्गव द्वारा किया गया। महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अर्चना ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत प्रकोष्ठों की जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों को इको क्लब,स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ,एनसीसी, एनएस एस,मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ, रेड क्रॉस सोसाइटी, छात्रवृत्तियां तथा आवास सहायता योजना आदि के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। इसी क्रम में प्रवेश उत्सव के अंतर्गत विद्यार्थियों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता हेतु मेंटल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रभारी एवं सहायक प्राध्यापक, हिंदी, हिमांशी गंगवार द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में महाविद्यालय की मानसिक स्वास्थ्य काउंसलर वैशाली माथुर उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों में होने वाली मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं, उनके कारणों तथा समाधान के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। जिला चिकित्सालय में पदस्थ काउंसलर शाहीद खान मंसूरी ने मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित उपलब्ध परामर्श सुविधाओं की जानकारी दी।

**कार्यक्रम में प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत**

## श्रुत पंचमी पर महिला परिषद ने किया धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

श्रुत पंचमी के पावन अवसर पर अखिल भारतीय दिगंबर जैन महिला परिषद, राजुल संभाग प्रथम शाखा द्वारा विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।इस अवसर पर शास्त्र सजावट, अछार सजावट प्रतियोगिता एवं पंच कल्याणक में इंद्र-इंद्राणी की भूमिका निभाने की प्रतियोगिताएं हुईं।

शास्त्र सजावट में उषा नेशनल प्रथम, आशा जैन द्वितीय तथा मानसी पाली तृतीय स्थान पर रहीं। अछार सजावट में मोना तिराई प्रथम, श्वेता जैन द्वितीय और मंजू नेशनल तृतीय रहीं। इंद्र-इंद्राणी वेशभूषा में आरजू व रश्मि बड़कुल प्रथम, भावना व मीनू द्वितीय तथा श्वेता व डिंपल तृतीय स्थान पर रहीं। सभी विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जैन धर्म की प्रभावना हेतु परिषद की महिलाओं ने जिनवाणी माँ की पालकी के साथ भव्य शोभायात्रा भी



निकाली। कार्यक्रम में प्रांतीय सदस्य नीलू बरोदिया, रिंकी जैन, ममता अथई खेड़ा, प्रियंका बड़खेड़ा, रानी गांधी, अध्यक्ष डॉ. वर्षा बड़कुल, सचिव मनीषा अरिहंत, कोषाध्यक्ष सोनम जैन उपस्थित रहीं। परिषद की अनेक सदस्याएं सुधा जैन, शैलजा जैन, डिंपल जैन, रेखा जैन, प्रीति पाली, इंदिरा पाली व अन्य अनेक सदस्याएं उपस्थित रही।

### बिजली कार्यालय में आत्मदाह का प्रयास, माचिस जलाकर पेट्रोल डालने का प्रयास किया

# स्मार्ट मीटर के बढ़े बिल पर उपभोक्ता ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

स्मार्ट मीटर लगने के बाद बढ़े हुए बिजली बिलों को लेकर उपभोक्ताओं की नाराजगी गुरुवार को विदिशा रोड स्थित बिजली कंपनी कार्यालय में सामने आई। अधिक बिल आने से परेशान एक उपभोक्ता ने कार्यालय परिसर में आत्मदाह का प्रयास किया।

नारायण सिंह नामदेव ने एक हाथ में माचिस की तिली जला ली, जबकि दूसरे हाथ से बोतल पकड़कर पैट्रोल डालने का प्रयास किया। हालांकि वहां मौजूद अधिकारियों ने हाथ से पेट्रोल की बोतल छिन ली और तिली बुझा दी। जिससे वहां हड़कंप मच गया। मौजूद कर्मचारियों और अन्य लोगों ने समय रहते उपभोक्ता को रोक लिया। इसी दौरान एक अन्य उपभोक्ता ने भी स्मार्ट मीटर लगने के बाद लगातार अधिक बिजली बिल आने की शिकायत करते हुए अधिकारियों पर सुनवाई न करने का आरोप लगाया।

**पहले बिल 2 हजार आता था अब 12 हजार आ रहा है** नारायण सिंह नामदेव ने



बताया कि उनके बेटे के नाम पर घरेलू बिजली कनेक्शन है। पुराने मीटर के दौरान उनका बिल दो से ढाई हजार रुपये आता था, लेकिन स्मार्ट मीटर लगने के बाद इस बार करीब 12 हजार रुपये का बिल भेज दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इतनी राशि का बिल भरना उनके लिए संभव नहीं है और वे पुराने मीटर की व्यवस्था बहाल करने की मांग कर रहे हैं। कछियाना मोहल्ला निवासी सौरभ साहू भी अपनी शिकायत लेकर बिजली कंपनी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से बिजली बिल लगातार बढ़ रहा है। पिछले महीने उनका बिल 2,500 रुपये था, जो इस महीने बढ़कर 4,200 रुपये हो गया है, जबकि बिजली की खपत में कोई विशेष बढ़ोतरी नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं हो रही है और सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराने के बाद कोई समाधान नहीं निकला है। इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारी ने बताया कि संबंधित उपभोक्ताओं की शिकायत उनके संज्ञान में नहीं आई है। उन्होंने कहा कि यदि किसी उपभोक्ता के बिजली बिल में तकनीकी त्रुटि या गड़बड़ी पाई जाती है, तो उसकी जांच कर आवश्यक सुधार की कार्रवाई की जाएगी।